हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026

04 भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ हनुमान...



07 नगर में धूमधाम से मनाई रंग पंचमी...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सोमवार को होगी। बैठक दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बेतवा सभागार में शुरू होगी। बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा संभावित सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के विषय पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जाएगी, ताकि आवश्यक रणनीति और कार्ययोजना तैयार की जा सके।

### कन्या छात्रावास में परामर्श कार्यक्रम

**विदिशा।** कुरवाई के सीनियर कन्या छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य जागरूकता के लिए परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है, जिससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है। विशेषज्ञों ने टीकाकरण की प्रक्रिया, लाभ और इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में भी बताया। छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी समस्या होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास प्रबंधन व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### टीकाकरण को बढ़ावा देने प्राचार्य से बैठक

**विदिशा।** किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हायर सेकेंडरी स्कूल त्योंदा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बासौदा के सीएमओ एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने प्राचार्य को एचपीवी संक्रमण और इससे बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में सहायक है। विद्यालय स्तर पर छात्राओं व अभिभावकों को जागरूक करने तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। प्राचार्य ने टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### रसूलपुर छात्रावास में एचपीवी जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**विदिशा।** विकासखंड गंजबासौदा के अंतर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास, रसूलपुर में छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, उसके दुष्प्रभाव और सर्वाइकल कैंसर से बचाव में टीकाकरण की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है।

### पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल होने निमंत्रण देकर श्रीफल अर्पित किया

# शिष्यों का मिलन हुआ, 11 से 16 मार्च तक चलेगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रंगपंचमी के मौके पर जैन संतों का एक खास संगम देखने को मिला। आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रभावशाली शिष्य मुनि विमलसागर महाराज, मुनि समयसागर महाराज और मुनि अनंतसागर महाराज का नगर में स्वागत हुआ। उनके स्वागत के लिए निर्यापक श्रमण मुनि संभवसागर महाराज, मुनि निस्सीमसागर और मुनि संस्कारसागर महाराज मौजूद रहे।



**विदिशा।** शांतिनाथ जिनालय में मुनि संघ के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे जैन समाज के महिला पुरुष।

### मंदिरों में धर्मसभा

संतों का स्वागत करने के बाद पंच ऋषीराज खरीफाटक मार्ग से माधवगंज स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंचे। यहां समाज और मंदिर समितियों ने उन्हें आगामी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण देकर श्रीफल अर्पित किया। धर्मसभा में संतों ने समाज को मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। मुनि संभवसागर महाराज ने बताया कि मुनि विमलसागर महाराज ने हाल ही में गंजबासौदा में आठ दिन का कठिन उपवास कर पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न कराया। उन्होंने समाज को रोज़ाना प्रवचन देकर मार्गदर्शन दिया। मुनि विमलसागर महाराज ने भी कहा कि पंच ऋषीराजों का यह संगम बहुत खास है और समाज के लिए प्रेरणादायक है।

### आगामी पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी

समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि 11 से 16 मार्च तक जैन महाविद्यालय परिसर स्थित शीतलधाम में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव होगा। इसमें शोभायात्रा, घटयात्रा, अभिषेक, पूजन, यागमंडल विधान और प्रवचन समेत कई मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### राधाजी मंदिर में फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु

नंदवाना की वृंदावन गली स्थित राधिका कुंज के राधाजी मंदिर में रविवार को फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुगंधित रंगों और पुष्पों से फूलों की होली खेली तथा भजनों का आनंद लिया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी वृंदावन से गुलाब, गेंदा, पलाश, मोगरा सहित सुगंधित रंग मंगाकर उत्सव मनाया गया। राधाजी को रंग-गुलाल और पुष्प अर्पित करने के बाद भक्तों ने मंदिर परिसर में फूलों की होली खेली। श्रद्धालुओं को प्रसादी और ठंडाई भी वितरित की गई। मंदिर में राधाजी के प्राचीन विग्रह की परंपरागत पूजा होती है।

### बांके बिहारी का विमान निकला भक्तों को दिए दर्शन

**ग्यारसपुर।** रंगों के पावन पर्व रंग पंचमी के अवसर पर ग्यारसपुर नगर में प्राचीन परंपरा के अनुसार बांके बिहारी जी का भव्य विमान नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। मंदिर से विमान के प्रस्थान होते ही पूरे नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया। नगर के प्राचीन बांके बिहारी जी मंदिर से भगवान बांके बिहारी जी विमान में सवार होकर मुख्य मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण पर निकले। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालु भक्तों ने भगवान के दर्शन किए, प्रसाद अर्पित किया और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। जब विमान दुर्गा चौक पहुंचा तो मोहल्ले के श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके बाद विमान बस स्टैंड की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान होरियारों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी का पर्व प्रेम, सौहार्द्र और उल्लास के साथ मनाया।

# ई-अटेंडेंस से तय होगा वेतन सरकारी कर्मचारियों के लिए समय पर उपस्थिति अनिवार्य

### सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहेगा समय, इसी माह से से ई-अटेंडेंस रिपोर्ट के आधार पर होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अब समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सख्ती बढ़ा दी गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के अनुसार सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों का कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है और इस संबंध में पूर्व में ही सभी विभागों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

अब सभी शासकीय कर्मचारियों की उपस्थिति ई-अटेंडेंस प्रणाली के माध्यम से दर्ज की जाएगी। कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति का नियमित और पारदर्शी रिकॉर्ड तैयार किया जा सकेगा।

### इसी माह से व्यवस्था लागू की जाएगी

कलेक्टर गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि मार्च 2026 से शासकीय कर्मचारियों का वेतन ई-अटेंडेंस रिपोर्ट के आधार पर ही आहरित किया जाएगा। यानी जिन कर्मचारियों की उपस्थिति ई-अटेंडेंस प्रणाली में दर्ज होगी, उसी के आधार पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं तथा ई-अटेंडेंस प्रणाली का नियमित रूप से पालन कराएं। प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समयबद्धता और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

### सेंट मैरी पीजी कॉलेज एनएसएस शिविर संपन्न

**विदिशा।** सेंट मैरी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम पंचायत पैरवारा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अरविंद द्विवेदी एवं प्रो. दीपा राठौर के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी व गांधीवादी चिंतक डॉ. सुरेश गर्ग मुख्य अतिथि रहे तथा अध्यक्षता संस्था संचालक फादर सिंटो वर्गीज ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल शाह, डॉ. कुसुम गर्ग, सिस्टर थेरेसा, सिस्टर राजेश्वरी एवं सिस्टर प्रभावती उपस्थित रहीं।

### शराब दुकानों की दूसरी चरण की नीलामी 10 मार्च को

# 14 मदिरा समूहों का आरक्षित मूल्य लगभग 390 करोड़, कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में होगी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वर्ष 2026-27 के लिए विदिशा जिले की शराब दुकानों की द्वितीय चरण की नीलामी 10 मार्च को आयोजित की जाएगी। यह नीलामी कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बेतवा सभागार में संपन्न कराई जाएगी।

जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि जिले में कुल 16 कम्पोजिट मदिरा समूह निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से पहले चरण के बाद शेष बचे 14 समूहों की नीलामी अब दूसरे चरण में की जाएगी। इन समूहों का कुल आरक्षित मूल्य लगभग 390 करोड़ 76 लाख 78 हजार 759 रुपए तय किया गया है।

उन्होंने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के मदिरा समूह शामिल हैं। इनमें शमशाबाद समूह, बासौदा समूह, बासौदा सर्किल, गुलाबगंज, ग्यारसपुर, अटारखेजड़ा, पठारी, मेहलगांव, कागपुर, लटेरी, आनंदपुर तथा सिरोंज क्षेत्र के समूह प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। प्रत्येक समूह के लिए अलग-अलग आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इच्छुक आवेदकों को निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की सलाह दी गई है। नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी ई-आबकारी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा अवकाश के दिनों को छोड़कर जिला आबकारी कार्यालय विदिशा से भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी हासिल की जा सकती है। प्रशासन का कहना है कि नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएगी।

### सिंथेटिक मावा-पनीर की शिकायत नहीं आई

**विदिशा।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बाजारों में सख्त निगरानी रखी जा रही है। विभाग की टीमों द्वारा नियमित रूप से दुकानों, बाजारों और खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं, ताकि मिलावटखोरी पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक जिले में सिंथेटिक मावा या पनीर के निर्माण अथवा बिक्री से जुड़ी कोई गतिविधि सामने नहीं आई है। इस संबंध में विभाग को अब तक किसी प्रकार की शिकायत भी प्राप्त नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराई जा रही है, जिससे सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# सहायिका भर्तीः शहरी क्षेत्र के तीन वार्डों से प्राप्त आवेदनों की जांच पूरी, दावा-आपत्ति प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महिला एवं बाल विकास के संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल वर्ष 2025 फेज-2 के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। विदिशा जिले अंतर्गत आवेदन पत्र एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर आमंत्रित किए गए थे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विदिशा शहरी परियोजना तहत प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि आवेदकों द्वारा 31 दिसम्बर 2025 से 10 जनवरी तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। विदिशा (शहरी) परियोजना अंतर्गत तीन वाड्र क्रमांक 5, वार्ड क्रमांक 15 तथा वार्ड क्रमांक 39 टीलाखेड़ी में सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 में कुल 51 आवेदन, वार्ड क्रमांक 15 में 37 आवेदन तथा वार्ड क्रमांक 39 टीलाखेड़ी में 109 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए 6 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में खण्ड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवेदनों की पात्रता का परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत वार्ड 5 में 26 आवेदन पात्र तथा 25 आवेदन अपात्र पाए गए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 में 8 आवेदन पात्र और 29 आवेदन अपात्र पाए गए। वहीं वार्ड क्रमांक 39 टीलाखेड़ी में 70 आवेदन पात्र तथा 39 आवेदन अपात्र पाए गए।

समिति द्वारा पात्र एवं अपात्र आवेदनों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे 07 मार्च से एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से अपनी दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद आगे की चयन प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की जाएगी।

# 86 हजार किसानों ने उपज सरकार को बेचने कराया पंजीयन

### समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 10 मार्च तक पंजीयन की अंतिम तिथि, 2.62 लाख हेक्टेयर रकबा दर्ज

> विदिशा तहसील में 15 हजार 5 किसानों ने पंजीयन कराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी के लिए विदिशा जिले में किसान पंजीयन का कार्य तेजी से जारी है। निर्धारित तिथि में वृद्धि के बाद अब पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च तय की गई है। जिले में 8 मार्च तक कुल 86 हजार 497 किसानों ने पंजीयन करा लिया है, जबकि पंजीकृत कुल रकबा 2 लाख 62 हजार 978.42 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। जिले की विभिन्न तहसीलों में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय के लिए बड़े पैमाने पर पंजीयन कराया जा रहा है।

तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार विदिशा तहसील में सर्वाधिक 15 हजार 5 किसानों ने पंजीयन कराया है, जहां कुल 45 हजार 452.20 हेक्टेयर क्षेत्र दर्ज किया गया है। इसके बाद सिरोंज में 10 हजार 592, बासौदा में 10 हजार 46, नटेरन में 8 हजार 796 तथा शमशाबाद में 8 हजार 227 किसानों ने पंजीयन कराया है। अन्य तहसीलों में भी किसानों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। कुरवाई में 7 हजार 821, लटेरी में 6 हजार 353, गुलाबगंज में 5 हजार 226, ग्यारसपुर में 5 हजार 80 तथा त्यौंदा में 4 हजार 513 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसके अलावा पठारी में 2 हजार 996 और विदिशा नगर क्षेत्र में 1 हजार 842 किसानों का पंजीयन दर्ज किया गया है। फसलवार पंजीयन के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में सबसे अधिक किसानों ने गेहूं की फसल के लिए आवेदन किया है। अब तक 75 हजार 583 किसानों ने गेहूं, 22 हजार 711 किसानों ने चना, 18 हजार 221 किसानों ने मसूर तथा 4 हजार 118 किसानों ने सरसों की फसल के लिए पंजीयन कराया है।

# महिलाओं ने बाल विवाह मुक्त भारत का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर




विश्व महिला दिवस के अवसर पर ग्यारसपुर नगर में सामाजिक जागरूकता का अनूठा संदेश देखने को मिला। विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में महिलाओं ने शाम के समय मोमबत्तियां जलाकर नगर में जागरूकता रैली निकाली और बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।

रैली में शामिल महिलाओं ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर हम सब ने ठाना है, बाल विवाह मुक्त भारत बनाना है, जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए और समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करने का आह्वान किया। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि कम उम्र में शादी करना कानूनन अपराध है।

# एसएटीआई महिला विंग ने आश्रम में रह रहे लोगों को कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसएटीआई कॉलेज की महिला विंग ने सेवा कार्य कर दिन को सार्थक बनाया। महिला विंग की सदस्यों ने अपना घर आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे मानसिक दिव्यांग, बेसहारा, लावारिस एवं बीमार प्रभुजनों की सेवा की और उन्हें अपने हाथों से भोजन कराया।

आश्रम के सचिव जीएस चौहान ने बताया कि दोपहर भोजन के समय एसएटीआई के निदेशक डॉ. योगेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में रितु जैन, डॉ. मनोरमा सैनी, दुर्गेश शर्मा, रितु मनोरिया, आभा भंडारी, श्रीमती नीता सिंह, वीनू मेहरा और प्रिया पंजाबी सहित अन्य सदस्याएं आश्रम पहुंचीं। इस अवसर पर चंद्रवती विश्वकर्मा एवं संध्या विश्वकर्मा ने अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। महिला विंग ने प्रभु सेवा के लिए 5 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख प्रो. दीपक सेन सहित आश्रम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तकनीक और संवेदना का संगमः एसएटीआई के छात्रों ने बनाया राहवीर विदिशा एप, मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा तैयार कराया गया राहवीर विदिशा मोबाइल एप तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है।

इस एप का निर्माण एसएटीआई के इंजीनियरिंग छात्रों ने निशुल्क किया है। इस सराहनीय पहल के लिए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने एप तैयार करने वाले युवाओं को सम्मानित भी किया। भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 1.5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विदिशा पुलिस ने "राहवीर विदिशा" मोबाइल एप विकसित कराया, जिससे दुर्घटना की सूचना मिलते ही घायल व्यक्ति को त्वरित सहायता मिल सके।

संस्था के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने बताया कि यह मोबाइल एप एसएटीआई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के छात्रों हेमंत सिंह राठौर, शिवांश चौहान, तनिष राय, वेदांशी दुबे, रीतिका जैन, अंकित चौहान, प्रांजल ठाकरे और पुष्कर शर्मा द्वारा विकसित किया गया है। एप का विकास डॉ. सुनील जोशी और एएसपी प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में किया गया। इस उपलब्धि पर महाराजा जीवाजीराव एजुकेशन सोसाइटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर, संस्थान के निदेशक डॉ. वायके जैन सहित समस्त प्राध्यापकगणों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एप के प्रभावी संचालन के लिए जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 150 प्रशिक्षित ट्रॉमा सपोर्ट वॉलंटियर भी तैयार किए गए हैं, जो दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर तत्काल सहायता प्रदान करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पचमा बायपास मार्ग पर लगा लंबा जाम



**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग पर दोपहर एवं शाम के समय भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जाम में फंसे वाहन चालक देर तक जाम हटने के इंतजार में परेशान होते रहे। ज्ञात हो कि रंग पंचमी त्यौहार के चलते दो पहिया, चार पहिया वाहनों की प्रतिदिन की अपेक्षा ज्यादा आवाजाही देखी गई। नगर सहित बाहर के क्षेत्रों से लोग त्यौहार मानने एवं करीला धाम में माता जानकी के दर्शन करने जा रहे थे। जिसके कारण नगर में भारी भीड़ देखी गई।

### गर्मी की दस्तक से गांवों में जलसंकट की आहट



**गंजबासौदा।** गर्मियों के सीजन की अभी शुरूआत भर है और ऐसे में इलाके के कई गांवों में जलसंकट की स्थिति नजर आने लगी है। हालत यह है कि ग्रामीणों को अभी से ही पेयजल एवं दैनिक जरूरतों के लिए दूर से पानी लाने पर मजबूर होना पड रहा है। हांलाकि सरकार ने गांव गांव में नलजल योजनाएं बनवाई हैं। इन योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने, टंकी बनाने तक काम तेजी से पूरा किया गया, लेकिन जलस्त्रोत तलाशने या घर घर तक पानी पहुंचाने का काम दो से तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में इन योजनाओं के बाद भी ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड रहा है। जिससे ग्रामीणों के लिए करोडों की लागत की ये योजनाएं सफेद हाथी ही साबित हो रही हैं।

### नपा के जुलूस में हुरियारों ने किया नागरिकों को रंग गुलाल से सराबोर

# रंगोत्सव का समापन: रंगपंचमी पर नगर में निकला रंगीन जुलूस













हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद द्वारा रंग पंचमी पर रंगों का जुलूस निकाला गया। रंगोत्सव के समापन पर यह जुलूस रविवार को सुबह 9. 30 बजे गांधी चौक से शुरू हुआ और नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए दोपहर बाद रेलवे स्टेशन स्थित मंदिर पर पहुंचा। जहां जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष, पार्षद, सांसद प्रतिनिधि सहित नपाकर्मी और अन्य लोग रास्ते भर लोगों पर रंग और गुलाल की वर्षा कर उन्हें रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते रहे।

सुबह साढे नौ बजे गांधी चौक स्थित मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन के बाद नपा के पारंपरिक रंगों के जुलूस का शुभारंभ किया गया। जिसमें एक टैंकर में रंग भरकर और लोडिंग वाहन में अबीर गुलाल रखकर हुरियारे रंग गुलाल उडाते हुए निकले। जबकि डीजे पर बज रही होली की मस्ती भरी धुनों पर युवा थिरकते हुए शामिल रहे। इस जुलूस में ढपला एवं नगडियों जैसे देशी वाद्य यंत्रों के साथ ग्रामीण फाग मंडलियां और किन्नर भी फाग गीतों पर प्रस्तुतियां देते हुए अलग ही समां बांध रहे थे।

रंगों के जुलूस में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास सहित कई पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, मनोज यादव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, राजेन्द्र व्यास, अशोक अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे। इन सभी ने भी नागरिकों को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में धुलेंडी से अधिक उत्साह और उमंग रंग पंचमी पर रहता है। इसी को लेकर नपा द्वारा परंपरानुसार रंगों का जुलूस निकाला जाता रहा है। दूसरी ओर रंगपंचमी के पर्व का सर्वाधिक उत्साह बच्चों में देखा गया। बच्चे सुबह से ही अपने रंग और पिचकारी लेकर दोस्तों के साथ होली खेलने निकल पडे। उधर महिलाओं ने भी दोपहर बाद जमकर होली खेली।

## नगर में कई जगह बड़ी स्क्रीन पर देखा गया फाइनल मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को टी 20 वर्ल्ड कप फायनल मुकाबले को देखने को लेकर खेल प्रेमियों में गजब का उत्साह रहा। फायनल मुकाबले का आनंद लेने के लिए कुछ खेल प्रेमियों ने मुख्य बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर बडी बडी स्क्रीन लगा रखी थीं। जिन पर मैच का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इन स्क्रीन के सामने मैच देखने के लिए खेल प्रेमियों एवं नागरिकों की जमकर भीड लगी रही। वहीं मैच में भारत की बल्लेबाजी के दौरान चौके छक्के लगने पर जहां कई दर्शक तालियां बजाकर अपनी खुशी जाहिर करते रहे तो कई युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। जबकि गेंदबाजी के दौरान विकेट गिरने पर भी इसी तरह जश्न मनाया जाता रहा। इस दौरान कई युवाओं ने रंग गुलाल उडाकर भी अपनी खुशी जाहिर की। नगर में बरेठ रोड, रेलवे स्टेशन रोड, सिटी रोड, त्योंदा रोड सहित प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर बडी स्क्रीन लगाई गई थीं।

### तेज धूप से समय से पहले पक रही फसल, कटाई के लिए किसान हो रहे परेशान

**गंजबासौदा।** मौसम में आए बदलाव के चलते अब रबी सीजन की फसलें तेजी से पक रही हैं और किसान अब अपनी चना, मसूर, तेवडा, बटरा, सरसों की फसलों की कटाई एवं गहाई में जुट गए हैं। जिससे कटाई के लिए मजदूरों की भारी मांग के चलते उनकी कमी महसूस की जा रही है और इसी के चलते मजदूरी के दाम भी बढ गए हैं। जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड रही है। ग्राम काजी किर्रोंदा के किसान सुनील दांगी, साहबा के प्रदीप सिंह आदि का कहना है कि कुछ दिन पहले तक फसलें काफी हरी नजर आ रही थीं और उनके कटने में एक पखवाडा का समय माना जा रहा था, लेकिन होली के बाद धूप तेज होते ही फसलों में दिन प्रतिदिन अंतर आने लगा है। आठ दिन में ही फसलें पूरी तरह पककर तैयार हो गई हैं और इसी कारण किसानों को उनकी कटाई को लेकर चिंता होने लगी है। समय से पहले आई फसलों की कटाई के लिए किसान गांव के मजदूरों से लेकर शहडोल, उमरिया से आने वाले बाहरी मजदूर चैतुओं एवं नगर के लालपठार, काली पठार आदि क्षेत्रों से भी मजदूर लेकर जा रहे हैं। वहीं मजदूरों की बढती मांग के चलते उनकी मजदूरी के दाम भी बढ गए हैं। पहले जहां मजदूरी दर 300 से 350 तक थी, वहीं अब यह मजदूरी बढकर 400 से 450 तक पहुंच गई है। वहीं ठेका मजदूरी भी 1800 से 2200 रूपए प्रति बीघा तक चल रही है। ऐसे में किसान अपनी फसलों की कटाई को लेकर आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। उधर किसानों का कहना है कि इतनी लागत लगाने के बाद मंडी में फसलों के सही दाम भी नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे किसानों की परेशानी और भी बढती जा रही है।

## भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ हनुमान चालीसा पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल गंजबासौदा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान तथा युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत शनिवार दिनांक 7 मार्च को शांति सदन कॉलोनी स्थित श्री बिल्व पत्र महादेव मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का 119 वां चरण अत्यंत भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

पाठ के पश्चात भक्ति भाव से भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा और उपस्थित श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नशा मुक्त भारत का संदेश देना और युवाओं को धर्म व आध्यात्म के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ का अगला चरण श्री रामदेव मंदिर, राजेंद्र नगर में आयोजित किया जाएगा तथा सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। इस अवसर पर हिंदू वीर लखन गुर्जर, रवि रघुवंशी, मोहित तिवारी, अर्णव रघुवंशी, प्रशांत शर्मा, जीतेश प्रजापति, रामनारायण साहू, रोहित नाथ, कियाना रघुवंशी, लव गुर्जर, जगदीश प्रसाद सैनी, जसवंत सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विश्व महिला दिवस पर भारतीय जैन संगठन के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किया अनूठा प्रयास






**गंज बासौदा।** गंजबासौदा में आयोजित पंचकल्याण महोत्सव के उपरान्त भारतीय जैन संगठन इकाई गंज बासौदा द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में वर्ल्ड वूमेन डे के अवसर पर एक अनूठा प्रयास करने का प्रयत्न किया। जिसमें भारतीय महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक बिजनेस एक्सपो का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने घरेलू उत्पाद के 18 बिज़नेस स्टॉल लगाकर व्यापार के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय जैन संगठन द्वारा पूरे भारत में एक विशेष अभियान चलाया गया है, जिसमें कामकाजी महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जाए प्रोग्राम तैयार कर बिज़नेस एक्सपो लगाया जा रहा है। जैन समाज से जुड़ी महिलाएं स्वयं घर से काम कर, अपने परिवार को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं, साथ ही व्यापार जगत में स्वयं अपनी भी पहचान स्थापित कर रही हैं। नगर में आयोजित वूमेन बिज़नेस एक्सपो में कुल 18 सशक्त महिलाओं ने अपने घरेलू उत्पाद के स्टॉल लगाकर व्यापार का प्रचार एवं प्रसार किया। वहीं आयोजक के साथ साथ समाज जन ने घरेलू उत्पाद की समीक्षा कर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। जिसमें घर के बने शुद्ध नमकीन के बिस्कुट, खाखरे ,पापड़ी, अलग अलग स्वाद के पापड़ का स्टॉल लगाया गया, साथ ही सिलाई ,बुटीक, सूट, साड़ी, कॉस्मेटिक सभी प्रकार के स्टॉल एक्सपो में शामिल हुए। भारतीय जैन संगठन द्वारा आयोजित वूमेन बिज़नेस एक्सपो में मुख्य अतिथि गंज बासौदा नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने फीता काटकर एक्सपो का शुभारंभ किया और महिला सशक्तिकरण के लिए आयोजित वूमेन बिज़नेस एक्सपो की सराहना की।

### घाटों पर बिखरे पड़े कचरे के साथ ही नदी में से जलकुंभी और कचरा निकाला

# रंगोत्सव पर भी जारी रहा साप्ताहिक श्रमदान अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जहाँ एक ओर नगर में रंगों का उत्सव उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर नदी के घाट पर एक अलग ही दृश्य दिखाई दे रहा था। दृश्य था श्रमदान का, क्यों कि श्रमदान दल के युवा रंगों में नहीं, बल्कि नदी की सेवा में कीचड़ और गाद से सने हुए दिखाई दे रहे थे। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत आयोजित बाईसवें सप्ताह के स्वच्छता कार्यक्रम में श्रमदान दल के सदस्यों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सेवा और संकल्प के आगे पर्व और उत्सव भी बाधा नहीं बन सकते। रंगपंचमी का त्योहार भी इन युवा श्रमदानियों के कदमों को घाट की ओर बढ़ने से नहीं रोक पाया। प्रातःकाल से ही दल के सदस्य नदी घाट पर एकत्रित हुए और स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। घाट किनारों पर बिखरे प्लास्टिक, पॉलीथिन, कपड़े, पूजा सामग्री के अवशेष और अन्य कचरे को एकत्रित कर बाहर निकाला गया। इसके साथ ही कुछ सदस्य कमर तक पानी में उतरकर नदी के प्रवाह क्षेत्र में फंसे कचरे और जलकुंभी को हटाने में जुटे रहे। कई घंटों की मेहनत के बाद बड़ी मात्रा में कचरा नदी से बाहर निकाला गया। यह दृश्य अपने आप में एक सशक्त संदेश दे रहा था कि जहाँ लोग शिक्षित होने के बाबजूद लापरवाही से नदी को प्रदूषित करते हैं, वहीं कुछ लोग अपने श्रम और समय से उसे स्वच्छ और जीवंत बनाए रखने का प्रयास भी कर रहे हैं। क्योंकि आधुनिकता और शिक्षा का दावा करने वाला समाज यदि अपनी जीवनदायिनी नदी को ही स्वच्छ रखने में असफल हो जाए, तो यह एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। आज समय निरंतर आगे बढ़ रहा है, लेकिन प्रश्न अब भी वहीं खड़ा है आखिर कब सुधरेंगे लोग? कब समझेगा वह समाज अक्सर देखने में आता है कि जो लोग स्वयं शिक्षित और सभ्य दिखने का प्रयास करते है, पर अपने आचरण से नदी और प्रकृति के प्रति उदासीनता दिखाता है? क्यों कि कभी पूजा-अर्चना के बाद सामग्री सीधे नदी में प्रवाहित कर दी जाती है, तो कभी प्लास्टिक और कचरा घाट किनारे छोड़ दिया जाता है। तो कभी दशा कर्म और कर्म कांडों के नाम नदियों को दूषित किया जाता है यह प्रवृत्ति न केवल नदी की पवित्रता को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण और जलीय जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। जनजागरूकता की आवश्यकता बाईसवें सप्ताह में श्रमदान करने पहुंचे दल के सदस्य अंशुल शर्मा, राकेश रघुवंशी, रुद्रांश सिंह राजपूत, दीपेश शर्मा, दिनेश चौरसिया, राहुल कुशवाह, कुलदीप दांगी एवं आकाश जैन जैसे श्रमदानियों का मानना है कि स्वच्छता कार्यक्रम केवल नदी की सफाई नहीं, बल्कि समाज की चेतना को जगाने का एक सतत अभियान है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज का हर वर्ग इस प्रयास से जुड़े और नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प ले। क्योंकि प्रश्न केवल नदी की स्वच्छता भर का नहीं है यह हमारे संस्कार, हमारी जिम्मेदारी, हमारे भविष्य का भी है।

## चलित गौ-नंदी सेवा समिति ने 120 गांव के 2500 किसानों को जोड़कर किया नवाचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कभी सर्वाधिक निराश्रित मवेशियों की संख्या के लिए प्रसिद्ध अंबानगर चौराहे पर आए दिन मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं होती थीं। वहीं किसानों को भी रात रात भर जागकर फसलों की रखवाली करना पडती थी। इस समस्या के समाधान के लिए गांव के युवाओं ने स्वयं प्रयास करके गांव में ही छोटी गौशाला बनाई और वहां चारा पानी की व्यवस्था कर निराश्रित मवेशियों को रखा। अब इस गौशाला में करीब 250 मवेशी हैं और युवाओं की इस समिति के माध्यम से आसपास की 15 पंचायतों में करीब 50 छोटी छोटी गौशालाएं बनवाकर 2 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को आश्रय एवं चारा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी महाराज की प्रेरणा एवं सानिध्य और तत्कालीन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं एसडीएम विजय राय के मार्गदर्शन एवं दूरगामी सोच के चलते युवाओं ने चलित गौनंदी सेवा समिति बनाई और उसके माध्यम से आसपास के गांवों के ग्रामीणों एवं युवाओं को भी इस समस्या का आपसी सहयोग से समाधान का विकल्प सुझाया।

समिति ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आसपास के गांवों के करीब 1500 लोगों को उसमें जोडा है। इस ग्रुप के माध्यम से समिति ने करीब 15 ग्राम पंचायतों के विभिन्न गांवों में 50 छोटी छोटी गौशालाएं बनवाई हैं। जिनमें ग्रामीण अपने आपसी सहयोग से भूरा सहित चारा पानी की व्यवस्था करते हैं और करीब 2 हजार से अधिक निराश्रित मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करा रहे हैं। समिति ने निराश्रित बेसहारा गौवंशों के लिए जनसहयोग से संचालित गौ आश्रय स्थल अंबानगर चौराहा एवं आसपास के गांवों में भी छोटी छोटी गौशालाएं तैयार करके प्रदेश स्तर पर गौ संवर्धन क्षेत्र में नवाचार किया है।

समिति का दावा है कि यदि सरकार और प्रशासन सहयोग करे और इस नवाचार को अपनाए तो एक भी निराश्रित गौवंश सड़क पर दिखाई नहीं देगा।

### जगह-जगह किए गए भोजन व पेयजल के इंतजाम, पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैद

# रंगपंचमी पर मैया जानकी के दरबार में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## लाखों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में नवाया शीश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रंगपंचमी पर करीला धाम में लगने वाले प्रदेश के सबसे बड़े मेले में रविवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जनसैलाब भी ऐसा कि करीला पहुंचने के लिए शुक्रवार शाम छह बजे से नेशनल हाइवे पर शुरू हुई वाहनों की कतार शनिवार-रविवार की आधी रात तक जारी रही। वहीं पहुंच मार्गों पर तीन से चार किमी दूर तक पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने से हजारों श्रद्धालुओं को पहाडि़यों और झाडि़यों के ऊपर से निकलकर करीला पहुंचना पड़ा। करीला पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां जानकी के दर्शन किए और मन्नत पूरी होने पर हजारों की संख्या में राई नृत्य भी कराए। करीला ट्रस्ट अध्यक्ष के मुताबिक करीब 1 लाख से अधिक श्रद्धालु इस बार करीला पहुंचे।

### लाखों श्रद्धालुओं ने किए माता जानकी के दर्शन

करीला के मुख्य मंदिर में मॉ जानकी के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि व लव-कुश की प्राचीन प्रतिमायें स्थापित है। रंगपंचमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का करीला धाम आना प्रारंभ हो गया था। रंग पंचमी के दिन व रात में लाखों श्रद्धालुओं ने मॉ जानकी के मंदिर में शीश नवाया तथा दर्शन लाभ लिए। मॉ जानकी के दरबार में आकर लाखों श्रद्धालुओं ने माता जानकी मैया के जय कारों के साथ रैलिंग में कतारबद्ध होकर दर्शन किए तथा मन्नतें मॉगी। मन्नतें प्राप्त हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के बाहर राई एवं बधाई नृत्य करवाया। रंग बिरंगी लाइटों से सुसज्जित मंदिर परिसर रोशनी से सराबोर रहा।

### नृत्यांगनाओं ने किया राई एवं बधाई नृत्य

करीला धाम में मान्यता है कि जिसके सन्तान न हो वह यहां आकर मन्नतें मांगे तो उसकी मुराद मॉ जानकी पूरी करती हैं। मुराद पूरी होने पर श्रद्धालु यहां आकर अपनी श्रद्धानुसार राई नृत्य करवाते है। क्षेत्र में यह लोकोक्ति प्रचलित है कि लव व कुश के जन्म के बाद मॉ जानकी के अनुरोध पर महर्षि वाल्मीकि ने उनका जन्मोत्सव बडी धूमधाम से मनाया था। जिसमें स्वर्ग से उतर कर अप्सरायें आई थी तथा उन्होने यहॉ नृत्य किया था। वही जन्मोत्सव आज भी रंग पंचमी के अवसर पर यहॉ मनाया जाता है। उसी उत्सव में हर वर्ष सैकडों नृत्यांगनायें यहॉ राई नृत्य प्रस्तुत करती है।

### ओवरलोड होकर चले वाहन

मेले के लिए जहां यात्री बसें तो सवारियों को छतों पर दिनभर ले जाती दिखीं, तो वहीं छोटे वाहन भी



ओवरलोड़ होकर चले। साथ ही ज्यादा कमाई के चक्कर में वाहन चालक ओवरलोड वाहनों को तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ाते दिखे, इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही। पथरिया, कुरवाई बायपास व बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकियों पर ओवरलोड वाहनों को रोककर सवारियों को उतारा भी गया। मगर इसके बावजूद भी लोग लापरवाही से बाज नहीं आए।

### भोजन और पेयजल के दर्जनों जगह हुए इंतजाम

मां जानकी के दरबार में आने वाले लाखों लोगों के स्वागत के लिए क्षेत्रवासी भी सड़कों पर तैयारी के साथ खड़े हुए नजर आए। इसके लिए कुरवाई बायपास तिराहा, पथरिया, दीपनाखेडा, मुगलसराय, बामोरीशाला सहित अनेक स्थानों पर ग्रामीणों ने खाना, नाश्ता और ठंडे पेयजल के इंतजाम किए। जिन्होंने वाहनों को रोककर श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन और पेयजल उपलब्ध कराया, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं कई जगहों पर लस्सी, सरबत का भी वितरण किया गया।

## नगर में धूमधाम से मनाई रंग पंचमी, निकाला जुलूस

**सिरोंज।** नगर में रंगपंचमी का त्यौहार बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों की टोलिया गली मोहल्लो में घूमते नजर आई और पंचमी पर जमकर होली खेली। इस पंचमी के साथ ही अब होली का त्यौहार समाप्त हो जाता है। पंचमी तक होली का त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

### जुलूस में ढोलों की गूंज

नगर में रंग पंचमी के अवसर पर प्रतिबर्ष अनुसार इस बर्ष भी हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के कस्टम पथ से 10 बजे ढोल ढमाको के बीच शुरू हुआ जो कस्टम पथ से होते हुये कठाली बाजार पहुचा जहॉ जुलूस मे उपस्थित नागरिको द्वारा जमकर होली खेली गई। वही जूलूस के साथ नगर पालिका द्वारा ट्राली में पानी की टंकिया में रंग भरे हुये थे। जहॉ जुलूस मे शामिल सभी लोगो पर रंग डाला गया। वही जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होते हुये सराफा बाजार, चांदनी चौक कोट गेट पहुचा और जमकर होली खेली। जुलूस आगे बढते हुये सुभाष नगर हाजीपुर पहुचा जहॉ इस विशाल जुलूस का समापन किया गया। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।







## महिला दिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया महिलाओं का सम्मान

**सागर।** महिला दिलस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने घर घर जाकर बुजुर्ग कांग्रेसी महिलाओ का सम्मान किया। सेवादल परिवार ने पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष, पूर्व पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किरण मिश्रा, अरणा दुबे, किरण सिंघई, स्वाति मिश्रा (पंचायत सचिव), अंबिका मिश्रा (शिक्षक), श्रीमति मीना सांडिल्य और शिवरानी कोरी के घर पहुंच कर उनका सम्मान किया।सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने वरिष्ठ महिलाओं को साल श्रीफल देकर उन्हे सम्मानित कर उनका आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, नितिन पचौरी, शरद मिश्रा, सुशील शांडिल्य, एड.राजेश मिश्रा, विकास दुबे, सुनील मिश्रा, कृष्णा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## धधक उठा जंगलः गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

गर्मियों की शुरुआत होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी

## राज्य स्तरीय एनएचएम की टीम ने ग्राम कंखर, बेलाई व बहना निरीक्षण किया

**सागर।** राज्य स्तरीय एनएचएम टीम द्वारा विकासखंड बीना के अंतर्गत ग्राम कंखर, बेलाई एवं बहना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर एनएचएम डॉ. शिखा तोमर एवं संभागीय कोऑर्डिनेटर हुसैन खान द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव अग्रवाल, जागेश्वर राज बीसीएम के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विकासखंड में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान समुदाय स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

## श्रीरामलीला मैदान में हुई ब्राम्हाण समाज बंधुओं की बैठक आयोजित

### परशुराम जयंती आयोजन समिति अध्यक्ष बने प्रदीप द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अगले माह अप्रैल में भगवान परशुराम की जयन्ती मनाने ब्राम्हण समाज बंधुओं की बैठक रामलीला मैदान सभा कक्ष में हुई। परशुराम जयन्ती पर नगर में भव्य विशाल शौभायात्रा निकाले जाने के साथ अन्य कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। 15 सदस्यी परशुराम जयन्ती आयोजन समिति का गठन किया। जिसमें पं. प्रदीप द्विवेदी को सभी की सहमति से अध्यक्ष चुना गया।

नगर में प्रतिवर्ष परशुराम जयन्ती भारी उत्साह उमंग के साथ मनाये जाने की परंपरा है। परशुराम जयन्ती विभिन्न व्यवस्थाओं एवं बृाम्हणों की समस्याओं पर बैठक में चर्चा की गई। 20 अप्रैल अक्षय तृतीया पर पूजन अभिषेक एवं 22 अप्रैल को नगर में भगवान परशुराम जी की भव्य विशाल शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय और शोभायात्रा में ब्राम्हण समाज बंधुओं की अधिकाधिक उपस्थिति के लिए व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। परशुराम जयन्ती मनाने संबंधी बैठक में नगर एवं क्षेत्र के बृाम्हणों युवाओं की भारी उपस्थिति रही।



### लाइनमैन दिवस पर हुआ लाईनमैनों का सम्मान

**सागर।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत मंत्रालय नई दिल्ली की मनसा अनुसार 7 मार्च को कंपनी क्षेत्र अंतर्गत समस्त फ्रंटलाइन टीम विद्युत लाइन कार्मिक को सम्मानित किए जाने के लिए लाइनमैन दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा लाइन कर्मियों के सम्मान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सागर वृतांअंतर्गत लाइनमैन दिवस मनाया गया । सागर में मकरोनिया कैंपस स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि लाइनमैन हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कार्य में लगा रहता है । उन्होंने कहा अपेक्षा करता हूं कि आप सभी विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए प्रत्येक कार्य मैं सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करेंगे। शून्य दुर्घटना लक्ष्य जीरो एक्सीडेंट टारगेट को प्राप्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लाइनमैन कर्तव्य और साहस के अनकहे नायक हैं।

## नीलेश शर्मा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त, बधाई का लगा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के युवा समाजसेवी पं. नीलेश शर्मा को नगर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेसियों में भारी



हर्ष बना हुआ है। मिलनसार, मृदुभासी नीलेश शर्मा कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में हमेशा सक्रिय रहे। शर्मा को अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई, शुभकामनाएं देने का सिलसिला बना हुआ है।

नीलेश शर्मा को नगर अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल, भगवान सिंह राजपूत कांग्रेसी नेता युद्धवीर सिंह पटेल, सहित अन्य ने बधाई दी है।

## करीला मेला जाने का आकर्षण भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणजन

### रंग पंचमी पर यात्री बसों का नहीं संचालन, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले अनेक वर्षो से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से सेकड़ों संख्या में लोगों का करीला मेला जाने का भारी आकर्षण बना हुआ है। रंग पंचमी पर करीला मेला जाने का कारण मनोती पूर्ण होना या मनोती के लिए लोगों का जाना होता है। वहीं करीला मेला में राही नृत्य देखने का आकर्षण ही कारण बना हुआ है।

होली, रंगपंचमी पर कुछ दशकों पूर्व तक गांव-गांव में फाग गीतों और राही नृत्य हुआ करते थे। फाग की मस्ती में राही नृत्य देखने साथ में नाचने का भारी चलन अब समाप्त हो गया है। राही लोक नृत्य देखने का आज भी ग्रामीणों किसानों में बना भारी आकर्षण करीला मेला जाने का कारण बन रहा है।



### यात्री बसों का संचालन नहीं, दौड़े निजी वाहन

भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से लोगों का करीला मेला जाने का कारण रविवार को नगर का यात्री बस स्टेंड सुनसान बना रहा। अधिकांश यात्री बसें करीला मेला चली गई। वहीं भारी संख्या में लोग किराए या नीजी वाहनों में सवार हो कर करीला मेला चले जाने से लोगों को किराए से वाहन मिलना कठिन हो गया। विभिन्न मार्गों पर यात्री बसें न जाने-आने से लोग त्यौहार पर अन्य स्थानों पर जाने के लिए हैरान-परेशान दिखलाई देते रहे।

## होली जलते ही तेज हुई सूरज की किरणें दिन व रात के तापमान में आई बढ़ोत्तरी

### तेज धूप गर्मी से पीली पड़ने लगी गेहूं की फसलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

होलिका दहन के बाद गर्मी बढ़ जाने की स्थिति बनती है। परन्तु इस बार होलिका दहप के बाद गर्मी और सूरज की किरणों का विकराल रूप देखने को मिल रहा है।

दिन और रात का तापमान तेजी से बढ़ा है। जिसके असर से अब बिना पंखा, कूलर बैठना रहना कठिन होने लगा है। बढ़े तापमान और तेज गर्मी, कहर बरषा रही सूरज की किरणों के असर से समय से पूर्व ही गेंहू, चना की फसलें रंग बदलने के साथ सूखने लगी है।

### धूप-गर्मी तेज फसलों की कटाई

सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में धान के बाद किसानों द्वारा गेंहू, चना की खेती की जाती है। धान की खेती के कारण गेंहू, चना की बोवनी में विलम्ब हुआ और अब तेज धूप-गर्मी का प्रकोप शुरु हो जोने से फसलें तेजी से रंग बदलने के साथ सूखने और कटाई की स्थिति में पहुंच रही है। समय से पूर्व फसलें पीली पड़ जाने के कारण कटाई शुरु होने से बालियों का दाना छोटा पड़ जाने से उत्पादन में गिरावट आने से आर्थिक नुकसान की संभावना बढ़ गई है। जिस प्रकार मार्च के प्रथम सप्ताह में गर्मी का रौद्र रूप दिखलाई दे रहा है। उससे इस वर्ष रिकार्ड तोड़ गर्मी से क्षेत्र के निवासियों का सामना हो सकता है।



### सार्वजनिक स्थानों पर जमकर खेला रंग व गुलाल

## रंगपंचमी पर्व पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर में होली से अधिक रंग पंचमी पर रंग गुलाल खेलने और चल समारोह निकाले जाने की परंपरा है। रविवार को बड़ा बाजार से रंग गुलाल खेलते हुए चल समारोह प्रारंभ हुआ। डीजे की धुनों, पानी के टेंकर में भरे रंग की पिचकारियों से रंग खेलने के कारण जहाँ से भी जलूस निकला सडक़े रंग विरंगी होती रही।

रंग पंचमी के निकले चल समारोह में हिउस के अध्यक्ष दिनेश बबेले, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र मालवीय सहित अन्य पदाधिकारी की भारी संख्या में नगर के युवाओं, गणमान्य नागरिकों विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के लोगों की उपस्थिति रही। सभी के द्वारा जमकर रंग गुलाल खेला गया। इसी के साथ-साथ चल रहे डीजे की फाग धुनों गीतों पर युवा जमकर नाचते और दूसरे को रंगों से सरावोर करते रहे।

नगर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण और रंग गुलाल उड़ाते हुए चल समारोह श्रीराम लीला मैदान पहुंचा जहाँ जमकर रंग गुलाल खेला गया। हिउस के पदाधिकारियों एवं न.प. के पार्षद, गणमान्य नागरिक फाग की मस्ती में एक दूसरे को रंगों से सरावोर करते रहे। होली खेलने वालों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर रंग पंचमी की बधाई, शुभकामनाएं दी जाती रही। पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, न.प. के कर्मचारी, कर्मचारी नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने स्थान-स्थान पर तैनात और सक्रिय बने रहे।



## खबर संक्षेप

### अफवाह से बचें, डीजल, पेट्रोल व एलपीजी पर्याप्त

**रायसेन।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की आपूर्ति के संबंध में ऑयल कंपनियों से जानकारी प्राप्त की गई। ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया है कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं नयमित आपूर्ति जारी है। किसी भी तरह की कोई कमी या आपात की स्थिति निर्मित नहीं है। अतः डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी उपयोगकर्ता ग्राहकों से अपील की जाती है कि अनावश्यक डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का स्टॉक न रखे वर्तमान में जरूरत अनुसार ही खरीदें।

### गर्मी में पेयजल समस्या निवारण हेतु सेल गठित

**रायसेन।** जिले में ग्रीष्मकाल में पेयजल संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा खंड स्तर पर सूखा राहत नियंत्रण सेल का गठन किया है। यह सेल प्रतिदिन दो पालियों में कार्यशील रहेगा। पीएचई के कार्यपालन यंत्री द्वारा इस सेल का प्रभारी रीतु बाथरे मो.न. 7389308522 तथा सहायक प्रभारी दीपक राय मो.न. 8085523161 को बनाया है। सेल में प्रथम पाली में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रकाश रायकवार मो.न. 6263113327 तथा सरफराज अली मो.न. 7477229709 की ड्यूटी लगाई गई है। द्वितीय पाली में दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक नितिन राठौर मो. न. 8109545215 तथा गोविंद विश्वकर्मा मो.न.9669233477 की ड्यूटी लगाई गई है।

### पीएम आवास योजना में 133 पात्रों को डाली किस्त

**रायसेन।** नगर पालिका द्वारा शहरी पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 133 हितग्राहियों के खातों में प्रथम किस्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जमा कराई गई। नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद परिवार को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है।वन क्लिक ट्रांसफर के जरिए राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में भेजी गई। जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद देवेंद्र यादव, वार्ड 8 के पार्षद कैलाश ठाकुर, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशुतोष सिंह, आवास योजना प्रभारी पवन मीणा सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष सेन ने कहा कि पीएम आवास योजना 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों को चरणबद्ध तरीके से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रथम किस्त जारी होने के बाद अब हितग्राही अपने मकानों के निर्माण कार्य की शुरुआत कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि समयसीमा में आवास पूर्ण हो सकें।कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने सरकार और नपा का आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों ने कहा कि पक्के मकान का सपना अब साकार हो रहा है। योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है।

## कवि सम्मेलन के दौरान कविताओं में चले व्यंग्य के तीरों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

# महामाया चौक पर खूब उड़ा रंग और गुलाल कवि सम्मेलन और फाग गीतों ने बांधी समां

श्री हिन्दू उत्सव समिति के रंग पंचमी मिलन समारोह को लोगों ने खूब सराहा

### शहरवासियों ने पारंपरिक अंदाज में एक-दूसरे को रंग-गुलाल से दीं बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन





रंगपंचमी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के महामाया चौक परिसर में श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा गुजिया-पपड़िया मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरवासियों ने पारंपरिक अंदाज में एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई। कलाकारों और गायकों ने फाग और होली के लोकगीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया।

ढोल-मंजीरे की थाप पर गाए गए फाग गीतों ने उपस्थित लोगों को नाचने और झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री सहित समस्त पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों व्यापारियों ने एक-दूसरे को गुजिया और पपड़िया खिलाकर होली की बधाई दी।

#### तीखे व्यंग्यों से चला कवि सम्मेलन

आयोजित गरिमामय समारोह के दौरान हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जिसमें युवा कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर तीखे व्यंग्य किए। कविताओं में चले व्यंग्य के तीरों ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंज उठा।

### विधायक सहित लोगों ने श्रीराम परिसर में खेली फूलों की होली

रविवार को रंगपंचमी पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने श्रीराम परिसर पर आमजन के साथ फूलों की होली खेली। आमजन ने विधायक डॉ चौधरी को अपने बीच पाकर हर्षोल्लास से रंग पंचमी मनाई और विधायक डॉ चौधरी भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का अभिवादन किया। डॉ चौधरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने सभी पर गुलाब के फूल बरसाकर होली खेली। डॉ चौधरी ने कहा कि ये फूल हमें याद दिलाते हैं कि जीवन में रंग भले कितने भी हों, असली रंग तो दिल के रंग होते हैं – जो एक-दूसरे के लिए सम्मान, भाईचारा और देशभक्ति से भरे हों। श्री शर्मा बोले कि रंग पंचमी पर हमारे जीवन में आत्मीयता बढ़े, प्रेम और स्नेह बढ़े यही ईश्वर से प्रार्थना है।

## धूमधाम से मनाई रंगपंचमी, निकाला जुलूस



**दीवानगंज।** आपसी सौहार्द व उमंग का पर्व रंग पंचमी ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रंग पंचमी का त्योहार पर लोग उल्लास व उमंग में सराबोर होते रहे। रंग पंचमी के दिन दोपहर तक लोग गीले रंगों से होली खेले और शाम होने पर गुलाल से आनंद लिया। लोग एक-दूसरे के आवास पर पहुंच कर गुलाल और गले लगा कर बधाई देते रहे।

क्षेत्र के गांवों में रंग व गुलाल लगाकर एक-दूसरे से गले लगाकर शुभकामनाएं देते दिखे। रंग पंचमी नगर सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पूरे उत्साह व शांति के साथ मनाई गई। बच्चों ने तो सुबह से ही एक दूसरे को रंग लगाना प्रारंभ कर दिया था। युवाओं की टोलियां सुबह से ही रंग-बिरंगी टोपियों को पहन कर एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते रहे।

इसमें कोई भाग रहा था तो कोई दौड़ रहा था उत्साह के साथ शाम से ही देर रात तक घर पर आने-जाने वालों को लोगों ने तमाम पकवानों जैसे गुझिया, चिप्स, पापड़, भजिया आदि खिलाया। सभी गांव में ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें ग्रामीण सम्मिलित होकर नाचते हुए नजर आए। ग्रामीणों में इस बार रंगों के डालने से अधिक गुलाल लगाने के प्रति देखा गया। दोपहर होत-होते ग्रामीण अंचलों में जुलूस निकालना प्रारंभ हो गया। जुलूस का हर घर के सामने गुलाल और रंगों से स्वागत किया गया।

### गुफा मंदिर गीदगढ़ में भव्य भजन-कीर्तन, गम्मत और विशाल भंडारा हुआ आयोजन

ग्राम पंचायत गीदगढ़ के पहाड़ पर स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर गुफा मंदिर पर रंग पंचमी के अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देहरी निवासी नवल सिंह मीणा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में गायक कलाकारों को आमंत्रित किया गया है, जो मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और पारंपरिक गम्मत की प्रस्तुति देर शाम तक देते रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बना रहेगा। रंग पंचमी के दिन मंदिर परिसर में दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन होता रहा। जिसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने प्रसाद स्वरूप भोजन की प्राप्त किया।

रंगपंचमी त्योहार के साथ पांच दिवसीय होली पर्व का समापन

### सड़कों पर उड़ा रंग-गुलाल, उत्साह के साथ लोगों ने एक दूसरे को दी पर्व को विदाई



**सिलवानी।** पांच दिवसीय रंग-गुलाल के पर्व होली का समापन रविवार को रंग पंचमी के साथ हर्षोल्लास के माहौल में हुआ। सुबह से ही नगर में पर्व को विदाई देने का उत्साह लोगों में साफ दिखाई दिया। युवा और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

नगर की सड़कों और गलियों में रंगों की बौछार और गुलाल की खुशबू से वातावरण पूरी तरह रंगमय हो गया। सभी आयु वर्ग के लोग हाथों में रंग और गुलाल लिए एक-दूसरे को रंगते नजर आए। जगह-जगह युवाओं के समूहों ने ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ रंग पंचमी का आनंद लिया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

इस अवसर पर घर-घर में तरह-तरह के पारंपरिक पकवान बनाए गए। लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर उत्सव का आनंद उठाया। कई स्थानों पर बच्चों ने पानी के रंगों के साथ भी जमकर होली खेली। रंग पंचमी के दौरान प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा।



### श्रीकृष्ण गौशाला के मंदिर में जमकर हुई फूलों की होली, बरसा रंग गुलाल

रंगपंचमी पर शहर के बायपास स्थित नरापुरा नंदन वन की श्रीकृष्ण गौशाला के मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में समिति सदस्यों और महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण, सांवरिया सेठ सरकार के जयकारों के साथ फूलों की होली खेली और पारंपरिक तरीके से पर्व का आनंद लिया। इस दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे पर फूल बरसाकर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में राजीव लोचन चौबे, गिरधारी लाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, संघर्ष शर्मा एडवोकेट, नरेंद्र महेश्वरी सहित समिति के कई सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाया। समिति सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष रंगपंचमी पर फूलों की होली का आयोजन किया जाता है।

## ईरान समर्थन पर रील बनाने वाले युवक सहित तीन लोग गिरफ्तार

पुलिस ने कोर्ट ले जाते हुए निकाला शहर में जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



विगत दिन ऐतिहासिक किले की तलहटी पर रमजान माह में तोप चलाए जाने के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक मुस्लिम युवक द्वारा युद्ध में ईरान का समर्थन देने की बात करते हुए रील (वीडियो) बनाई गई। जिसके बाद रील विवाद में आ गई।

मामले में रविवार को कोतवाली पुलिस ने कसाई मोहल्ला निवासी शादाब कुरैशी सहित तीन अन्य युवकों को हिरासत में ले लिया। वहीं कोर्ट ले जाते हुए शहर के मुख्य मार्ग पर उक्त चारों युवकों जुलूस भी निकाला गया।

बता दें कि रमजान के दौरान दानिश स्टार नामक युवक ने किले पर तोप चलाने के बाद एक रील बनाई थी। इस रील में अंतरराष्ट्रीय मुद्दे अमेरिका-ईरान युद्ध का उल्लेख करते हुए कथित रूप से यह संदेश दिया कि हिंदुस्तान के मुसलमान युद्ध की स्थिति में ईरान का साथ देंगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी।

वहीं सनातन हिंदू संगठनों ने भी वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कहते हुए विरोध किया तथा तहसीलदार भरत सिंह मंडले को ज्ञापन भी सौंपा था।

टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की सत्यता व उसके प्रभाव को देखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



भाजपा जिला कार्यालय में जिले के नवनियुक्त 6 मंडल अध्यक्षों ने पहुंचकर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी कार्यालय में स्वागत और बधाई का माहौल रहा।

नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों में रायसेन मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, साचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बघेल, सांची मंडल अध्यक्ष विनोद बघेल, भोजपुर मंडल अध्यक्ष राजेश गौर, बाड़ी मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल और बेगमगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे शामिल रहे। सभी मंडल अध्यक्ष अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ जिला कार्यालय पहुंचे और जिला अध्यक्ष का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों को फूलमालाओं से स्वागत करते हुए नवीन दायित्व की बधाई दी। उन्होंने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर सभी का उत्साहवर्धन किया।

### क्षेत्र से बड़ी संख्या में करीला मेले में शामिल होते हैं ग्रामीण

## करीला मेला में जाने वाले वाहनों की भोपाल मार्ग पर लगी रही लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




रंगपंचमी के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध करीला मेले के चलते रविवार को भोपाल–विदिशा हाईवे 18 पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का करीला धाम की ओर जाना शुरू हो गया था, जिसके कारण कई स्थानों पर यातायात धीमा रहा।

क्षेत्र के दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बरजोरपुर, कुल्हाड़िया, निनोद सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण करीला माता के दर्शन और मेले में शामिल होने के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु बस, कार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और दोपहिया वाहनों से मेले में पहुंच रहे हैं। हाईवे पर वाहनों की संख्या अचानक बढ़ने के कारण कई जगह लंबी कतारें लग गईं, जिससे वाहन चालकों को कुछ देर तक जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस और प्रशासन द्वारा यातायात को सुचारु रखने के लिए जगह-जगह व्यवस्था की गई है।

अशोक नगर स्थित करीला मेले में हर वर्ष की तरह इस बार भी दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और दुकानों का भी आयोजन किया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

### देवरी की शासकीय आईटीआई प्रांगण में 10 मार्च को होगा युवा संगम मेला

**रायसेन।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी के मार्गदर्शन में 10 मार्च को उदयपुरा विकासखण्ड के देवरी स्थित शासकीय आईटीआई प्रांगण में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 10 मार्च को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया है। मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14-15 वर्ष की 20 किशोरियों को लगाई एचपीवी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रंगपंचमी पर रविवार सुबह सिविल अस्पताल सिलवानी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 20 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाया गया। अस्पताल में यह टीकाकरण अभियान लगातार जारी है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नवंबर 2010 से मार्च 2012 के मध्य जन्मी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत टीका लगाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षित करना है।

### अभिभावकों से भी आगे आने की अपील



सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर माना जाता है। इस अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाकर उन्हें इस घातक बीमारी से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

बीएमओ डॉ. आरएस पटेल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन को लेकर कुछ भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जो पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह टीका वर्ष 2009 से पूरे विश्व सहित भारत में भी लगाया जा रहा है और यह पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने क्षेत्र की 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं और उनके अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव हो सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र बालिकाओं और उनके अभिभावकों से टीकाकरण का लाभ उठाने की अपील की है।

सिविल अस्पताल में टीकाकरण के दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी, बीएमओ डॉ आर एस पटेल, बीईओ रूपेंद्र सिंह ठाकुर, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य एनपी शिल्पी आदि विशेष रूप में मौजूद रहे।